# एक माह लगने वाले सावन महोत्सव कार्निवाल का शुभारंभ आज

## उड़ेगा बाज, नाचेगा भालू, दहाड़ेगा शेर, हंसाएगा मोगली, इस वर्ष जंगल बुक रहेगा आकर्षण का केंद्र







**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,31 जुलाई।** शहरवासियों का सावन मेले का इंतजार कल शुक्रवार को पूरा होने जा रहा है। फूलबाग, बड़े ग्राउंड पर एक महीने लगने वाले आकर्षक और यादगार सावन महोत्सव जंगल थीम कार्निवाल मेले का शुभारंभ महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार एवं निगम सभापति मनोज तोमर के मुख्य आतिथ्य में भव्य समारोह में होगा। इस मेले में बच्चों से लेकर बड़े लोगों तक के मनोरंजन के लिए कई ईवेंट, आइटम्स और एक्टीविटीज होंगी। यहां लगाए जाने वाले आकर्षक झूलों में टाइगर हिल झूला, दिल झूला के साथ मिनी ट्रेन, पानी की वोट, हैलीकॉप्टर, भूत बंगला, 300 फुट वाटर फ्लाई गेट, रंग बिरंगी तितलियां आदि मनोरंजन के केंद्र रहेंगे।

मेले में हैंडलूम स्टॉल, हैंडीक्राफ्ट स्टॉल, एफएमसीजी प्रोडेक्ट, शॉपिंग जॉन, जंगल बुक, भूत बंगला, सेल्फी पॉइंट, बच्चों की राईड्स, फ़ूड जॉन से लेकर कई प्रकार के स्टॉल लगाए जाएंगे जो सैलानियों को बहुत पसंद आएंगे। इस बर्ष लगने वाले सावन महोत्सव मेला में 25 फुट का पंख हिलाकर बोलता हुआ बाज और सांप पर बैठा मोगली भी सैलानियों के मनोरंजन का हिस्सा बनेंगे। कार्निवल में नाचेगा भालू, दहाड़ेगा शेर और हंसाएगा मोगली।

सावन महोत्सव मेला के संयोजक एवं बेटी एंड संस फनफेयर के संचालक अनुज गुर्जर ने नवभारत को बताया कि यह सावन महोत्सव मेला हम 2022 से हर बर्ष लगातार लगाते आ रहे है। यह इस आयोजन का चौथा बर्ष है। पिछले साल हम विशाल फेस टनल लेकर आए थे। इसकी अपार सफलता के बाद इस वर्ष जंगल थीम कार्निवाल लेकर आए है जो लोगों को अनोखे नए अंदाज में पसंद आएगा ।

**सैलानियों की सुविधार्थ किए सभी आवश्यक प्रबंध:** सावन महोत्सव मेला के संयोजक अनुज गुर्जर ने सभी शहरवासियों से अधिकाधिक संख्या में सावन महोत्सव मेला में पधारकर यहां प्रदर्शित विभिन झूलों, एक्टिविटी एवं इवेंट्स का लुत्फ उठाकर श्रावण माह के इस रंगारंग, सांस्कृतिक जश्न में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यहां सैलानियों की सुविधार्थ सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। आप एक बार आएंगे तो यहां अपने परिवार सहित बार बार आने से खुद को रोक नहीं सकेंगे।

**एक दिन पहले ही कार्निवाल परिसर की शानदार सजावट देखने पहुंचे शहरवासी:** ग्वालियरवासियों के साथ ही समग्र ग्वालियर चंबल अंचल के लोगों में सावन महोत्सव मेला के आयोजन को लेकर भारी उत्साह एवं रोमांच है। सावन महोत्सव जंगल थीम कार्निवाल की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। फूलबाग बड़े ग्राउंड को शानदार आकर्षक सतरंगी रोशनी से सजाया गया है। मेला के विधिवत शुभारंभ के पूर्व ही आज शाम को सैकड़ों की संख्या में शहरवासी बच्चों के साथ जंगल थीम कार्निवाल परिसर की शानदार सजावट देखने के लिए पहुंचे।

### लोडिंग की टक्कर से दंपति घायल

**ग्वालियर।** कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत दौलतगंज में लोडिंग क्रमांक एमपी33 एल 0196 के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्ण ढंग से गाड़ी चलाते हुए रास्ते से गुजर रही बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार होकर जा रहे रामदास घाटी निवासी छोटू शाक्यवार व उसकी पत्नी अलका सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाकर आरोपी लोडिंग चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम

**हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (महारत्न कंपनी)**
ग्वालियर रिटेल क्षेत्रीय कार्यालय, 611-614, केशर टावर्स, ग्वालियर - 474005

**मध्य प्रदेश में भूमि की आवश्यकता**
**नोट: यह विज्ञापन रिटेल आउटलेट डीलरशिप के लिए नहीं है।**

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड मध्य प्रदेश राज्य में विभिन्न स्थानों पर रिटेल आउटलेट पेट्रोल पंप स्थापित करने के लिए पट्टे पर (न्यूनतम 19 वर्ष 11 महीने) अथवा कॉर्पोरेशन को एकमुश्त बिक्री के माध्यम से भूखंड या भूमि के हस्तांतरण के लिए भूमि के एकमात्र स्वामी या सह-स्वामियों से दो बोली प्रणाली यानी ए) तकनीकी बोली बी) वित्तीय बोली पर मुहरबंद प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

आवेदक के पास भूमि में रूचि रखने वाले अन्य सह-स्वामियों या पार्टियों से अनापत्ति प्रमाण पत्र होना चाहिए। संयुक्त बोलीदाताओं के मामले में बोली लगाने वालों में से कोई एक अन्य के लिए मुख्तारनामा धारण करने के माध्यम से बोली लगा सकता है। जिन पार्टियों ने इस विज्ञापन के जारी होने की तारीख से पहले भूमि के कब्जे वाले मालिकों के साथ बिक्री के लिए पंजीकृत समझौता किया है, वे भी आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत विज्ञापन हमारी वेबसाइट: www.hindustanpetroleum.com पर उपलब्ध है।

सबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों में प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 30/09/2025 को 15:00 बजे तक है। तकनीकी बोली दिनांक 30/09/2025 को 1600 बजे सबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में खोली जाएगी। इच्छुक बोली दाता तकनीकी बोली खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं।

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर | /hpcl | /hpcl | /hpcl www.hindustanpetroleum.com | LiFE Lifestyle for Environment

**न्यायालय तहसीलदार तहसील ग्वालियर वृत्त गिरवाई (म.प्र.)**

प्र क्र SDO 0012/अ-20(3)/2024-25 ग्वालियर दिनांक 29/07/25

-विज्ञप्ति-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था एमपीपीटीसीएल निवासी ई-17 18 220 केवी कम्पस शिरोल रोड ग्वालियर हेतु ग्राम गिरवाई स्थित भूमि सर्वे क्र. 183 रकवा 6.0410 हैक्टर भूमि को आवंटन कराये जाने हेतु कालेक्टर महोदय को पेश किया जो जांच हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ। उपरोक्त भूमि चयन में यदि किसी व्यक्ति / संस्था / रामाज को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 8/8/25 तक मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दस्तावेज साक्ष सहित प्रस्तुत करें। मियादवाद आपत्ति अमान्य की जावेगी। विज्ञप्ति मेरे हस्ताक्षर और न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 29/07/25 को जारी की गई।

तहसीलदार
वृत्त गिरवाई, तहसील-ग्वालियर (म.प्र.)

# निरीक्षण में निगमायुक्त को मिले कचरे के ढेर, डब्ल्यूएचओ की वेतन वृद्धि रोकी



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 31 जुलाई.** नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 14 का औचक निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद गिर्राज कंसाना, कार्यपालन यंत्री एपीएस जादौन, सहायक यंत्री वीरेंद्र शाक्य, भवन अधिकारी राकेश कश्यप, प्रभारी उपयंत्री सुशील साहू, क्षेत्रीय अधिकारी सुश्री तनुजा वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक- 14 का औचक निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की सार्थक ऐप से हाजिरी चैक की गई तथा निर्देशित किया प्रतिदिन समय पर सभी को सार्थक ऐप पर अटेंडेंस लगानी है। साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय पर आवक जावक रजिस्टर को चैक किया तथा निर्देशित किया कार्यालय में आने एवं जाने वाले सभी पत्रों का आवक जावक में इंट्री होना चाहिए। इसके बाद वार्ड 29 में निरीक्षण के दौरान कई जगह खाली जगह पर कचड़े एवं गोबर के ढेर पाए गए तथा नालिया चौक मिलने पर नाराजगी व्यक्त की तथा वार्ड में साफ सफाई नहीं मिलने पर संबंधित डब्ल्यूएचओ की एक वेतन वृद्धि रोकने हेतु कारण बताओ नोटिस के लिए आदेशित किया गया। इसके साथ ही निर्देशित किया कि कहीं से भी जल भराव की सूचना मिलती है तो तत्काल जल निकासी करायें।

निरीक्षण के दौरान पीएम आवास के बाहर स्थानीय नागरिकों की समस्या को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उक्त समस्याओं के स्थाई हल करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (माधवराव काउण्टर मैग्नेट)**
शीतला सहाय प्रशासनिक भवन, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, सौजना तिघरा, ग्वालियर (म.प्र.)
क्रमांक / विक्षेविप्रा/संपदा/2025/835 ग्वालियर दिनाक 31/7/25

**सार्वजनिक सूचना पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | भू-खण्ड हितग्राही का नाम एवं पता | सब लीज उपरांत नामांतरित नाम एवं पता | भू-खण्ड क्रमांक |
| | श्री सुनील शर्मा पुत्र श्री रामदत्त शर्मा निवासी -208, जीवाजी नगर, थाटीपुर, ग्वालियर म.प्र. | श्रीमती संध्या जैन पत्नी श्री अवनेश कुमार जैन एवं कु. सुरभि जैन पुत्री श्री महेन्द्र कुमार जैन निवासी- हाईकोर्ट गली, जयेन्द्रगंज, लश्कर, ग्वालियर म.प्र. | (MIG) Sector-A Block-4 Plot No-85 |

यदि इस संबंध में कोई भी आपत्ति हो तो सम्पदा अधिकारी साडा ग्वालियर में 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा उक्त के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
साडा (काउण्टर मैग्नेट) ग्वालियर

# नरक जैसा जीवन जीने को मजबूर वार्ड 31 की जनता सड़क बनी नाला

**क्षेत्रवासी बोले**
**विरोधाभाष के कारण नहीं होते हमारी गली में कोई काम,कहा आज पहली बार आए पार्षद, यह मंजर है कछियाना मोहल्ला 11 नम्बर गली का**





**रविन्द्र सिंह चौहान**
**ग्वालियर,31जुलाई।** ग्वालियर-सरकार एक ओर स्वछता अभियान चला रही है वही दूसरी ओर वार्ड 31 में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है लोग कहते है कि हमारी ना तो पार्षद सुनते है और ना अधिकारी, दो माह से घर के सामने भरे सीवर युक्त पानी त्रस्त महिलाओं ने गुरुवार दोपहर हंगामा खड़ा कर दिया। अपने अपने घरों से निकल कर क्षेत्र की सभी महिलाएं एकत्रित होकर वार्ड ऑफिस का घेराव करने जा ही रहीं थी कि इतने में हंगामे की खबर लगते ही क्षेत्रीय पार्षद रामबाबू शिवहरे मौके पर पहुंचे और सफाई कर्मचारियों को बुला कर नालियां साफ करवाई ।

**इनका कहना है...**



आपके माध्यम से मेने फोटो में समस्या देखी है। टीम को भेज कर पंप के माध्यम से या सीवर के माध्यम से निकासी कराई जाएगी।
**संघ प्रिय- नगर निगमआयुक्त**



मुझे जनता ने चुना है में जनता के हित मे कार्य करता हूँ मेरे कुछ विरोधी भी है जो मेरा विरोध करते हैं मेने आज थोड़ी सफाई करवा दी है कल सुबह से इस गली को साफ करने के लिए सफाई कर्मचारियों को कह दिया है। **हरीबाबू शिवहरे-पार्षद पती वार्ड 31**



इस वार्ड की सभी गलियों में रोड बन गई है बस यही गली की रह गई इस वार्ड में कोई भी विकाश होता है इस गली में आते आते अटक जाता है में कट्टर भाजपाई हूँ मुझे शर्म आती है जब में लोगों की सुनता हूँ कि, पार्षद कहते है यह कांग्रेसी गली है इसमें इसलिए कोई काम नहीं होते ।
**राकेश यादव (राकू)-क्षेत्रवासी**



यहां हमेशा यही हाल रहता है हम पार्षद से कह कह कर परेशान हो गए पर हमारी समस्या का कोई हल नहीं निकला गली में कीचड़ युक्त सीवर का पानी भरा होने से मच्छर पनप रहे है इससे बीमारी फैलने का खतरा हमेशा बना रहता है
**सुनीता कुशवाह-क्षेत्रवासी**



पूरी गली गंदे नाले में तब्दील हो गई है ऐसा दिखाई देता है की ये गली की सड़क नहीं कोई गंदा नाला हो,गली में कीचड़ भरा रहने से यहां झाड़ू बाली बाई और कचरा गाड़ी नहीं आती है
**रेनू सेन-क्षेत्रवासी**



इस नरक बाली गली में हम दहशत बाला जीवन जी रहे है बच्चे बड़ी मुश्किल में यहां से निकल के स्कूल जाते है कई बार तो बच्चे इस कीचड़ में गिर भी गए है अगर अब हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम नगर निगम कमिश्नर के पास अपनी फरियाद लेकर जाएंगे। **ममता सानी-क्षेत्रवासी**

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**ग्वालियर।** तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्रांतर्गत बेहटा चौराहे पर हुआ। जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा शव का पीएम करवाने के उपरांत आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की विवेचना की जा रही है। तिकोनियां मुरार निवासी संतोष सिंह बीते रोज बेहटा चौराहे पर हुआ हादसा चलाते हुए उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे आरोपी फरार बाइक पर सवार होकर महाराजपुरा थाना क्षेत्रांतर्गत बेहटा चौराहे से होकर गुजर रहा था, इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीबी 0894 के चालक ने लापरवाही से संतोष सिंह बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देख जुटे लोगों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा घायल को हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पीएम करवाकर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

# विधिक शिक्षा में है अपार संभावना : डॉ . सुनील राठौर

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 31 जुलाई.** देश जिस रफ्तार से विकास की ओर बढ़ रहा है] उसमें विधिक शिक्षा एक नया और सशक्त करियर मार्ग बनकर उभरा है। आज विधिक शिक्षा केवल वकील बनने तक

**वीआईएसएम ग्रुप ऑफ़ स्टडीस में बदलते भारत में युवाओं के लिए सशक्त करियर विकल्प**

सीमित नहीं रही, बल्कि यह प्रशासन, न्यायपालिका, कॉर्पोरेट सेक्टर, मानवाधिकार, साइबर लॉ, बौद्धिक संपदा अधिकार, पर्यावरण कानून जैसे आधुनिक क्षेत्रों में भी उज्वल भविष्य की संभावनाएं पैदा कर रही है। उक्त बात वीआईएसएम ग्रुप ऑफ़ स्टडीस के चेयरमैन डॉ सुनील





राठौर ने अपने संबोधन में कही।

डॉ राठौर ने बताया कि कि आज भारत को डॉक्टर या इंजीनियर ही नहीं, बल्कि ऐसे विधिक विशेषज्ञों की भी जरूरत है जो ईमानदार, संवेदनशील और न्यायप्रिय हों। ऐसे युवा जो संविधान की मर्यादाओं के भीतर रहकर समाज को सही दिशा दे सकें और कानून का सही अर्थ आम जन तक पहुँचा सकें।

कानून का अध्ययन न केवल छात्रों को अधिकारों और कर्तव्यों की समझ देता है, बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से उत्तरदायी नागरिक भी बनाता है। विधिक क्षेत्र में सफल पेशेवरों को समाज में सम्मान और आर्थिक स्थायित्व दोनों ही प्राप्त होते हैं। वहीं साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा, और तकनीकी कानूनी जटिलताओं के कारण इस क्षेत्र की आवश्यकता और भी बढ़ गई है। डॉ. राठौर ने बताया कि वीआईएसएम कॉलेज में छात्र 12वीं के बाद बीए, एलएलबी जैसे पाँच वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। वहीं स्नातक स्तर पर तीन वर्षीय एलएलबी कार्यक्रम भी एक बेहतरीन विकल्प है। वीआईएसएम संस्थान में अब इन कोर्सेज़ में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, मूट कोर्ट, इंटर्नशिप और केस स्टडी आधारित शिक्षा उपलब्ध है जो छात्रों को व्यावहारिक रूप से तैयार करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधिक शिक्षा एक मिशन है देश के संविधान और कानून के प्रति समर्पण का शोषितों की आवाज बनने का और न्याय के माध्यम से समाज को बेहतर बनाने का। यदि आपके भीतर अन्याय के खिलाफ खड़े होने की हिम्मत है और आप समाज के लिए कुछ करना चाहते हैं. तो विधिक शिक्षा आपके लिए एक उपयुक्त और सम्मानजनक रास्ता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विधिक शिक्षा विद्यार्थियों को अनेक विकल्प देती है। वे चाहें तो कोर्ट में वकालत करें. न्यायिक सेवा में जाकर जज बनें. सरकारी विभागों में लॉ ऑफिसर के तौर पर सेवाएं दें या कॉर्पोरेट सेक्टर में लीगल एडवाइज़र की भूमिका निभाएं। इसके अलावा राजनीति सामाजिक सेवा और मीडिया तक में विधिक ज्ञान रखने वालों की मांग तेजी से बढ़ रही है।





स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95